आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः CCE/ ISDC/ RSLDC/SKILL DEV./2019/ 1680; Date: 23rd December 2019

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः RSLDC के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किये जा रहे रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमान्तर्गत कौशल प्रशिक्षण कक्षाओं को रविवार एवं शीतकालीन अवकास अवधि सहित अन्य अवकाश दिवसों में भी संचालित करवाये जाने बाबत।

सन्दर्भः आकाशि का पत्रांक CCE/ISDC/ RSLDC/SKILL DEV./2019/ 1582; Date: 2/12/19 के क्रम में।

महोदय,

उपर्युक्त सन्दर्भित पत्र एवं दिनांक 4–5 दिसम्बर 2019 को जयपुर में आयोजित प्रभारी अधिकारी बैठक में निर्देशित किया गया था कि चूंकि इन कोर्सेस के लिये समय काफी कम शेष है तथा विद्यार्थियों की विश्वविद्यालयी परीक्षाएं आरम्भ होने के उपरान्त इन कक्षाओं के संचालन में बाधा हो सकती है।

अतः **कोर्सेस की अवधि एवं विश्वविद्यालयी परीक्षाओं को मध्यनजर रखते हुए इन रोजगारपरक कौशल विकास पाठ्यक्रमों की कौशल प्रशिक्षण कक्षाओं का संचालन विद्यार्थी हित में रविवार तथा शीतकालीन अवकाश सहित सभी अवकाश दिवसों में भी आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित करें।** इसके लिये निगरानी हेतु रोटेशन बेसिस पर संकाय सदस्यों की ड्यूटी लगायें।

इन कक्षाओं के संचालन हेतु प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी को आवश्यक सहयोग प्रदान करवाया जाना सुनिश्चित करें। यदि इन कक्षाओं के संचालन में किसी प्रकार का असहयोग प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी की ओर से रहता है तो MMYKY व्हाट्सएप्प ग्रुप में अपनी समस्या प्रेषित करें जिसका कि यथा संभव त्वरित समाधान करवाये जाने का प्रयास किया जायेगा।

प्रदीप कुमार बोरड, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः CCE/ISDC/ FDP /2019/ 1681-83.; Date: 23rd December. 2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित है–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, श्रीमान शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. निजी सचिव, प्रबंध निदेशक, RSLDC जयपुर।
5. संयुक्त निदेशक HRD/Acad./P&C/ Admn., आकाशि, जयपुर।
6. संबंधित प्रभारी अधिकारीगण, महाविद्यालय समूह, आकाशि जयपुर को संबंधित महाविद्यालयों के साथ समन्वय करने हेतु।
7. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई–मेल करने हेतु/रक्षित पत्रावली।
8. रक्षित पत्रावली।

23/12/19

डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास